दिन– शनिवार
दिनांक– 14 / 03 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 08.48 बजे से।
अवधिः– 15 मिनट

---

01. केन्द्र सरकार ने कहा– देश में कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार है और सभी तेल शोधक संयंत्र पूरी क्षमता से काम कर रहे हैं।

02 बिहार के नवनियुक्त राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हसनैन आज पद और गोपनीयता की शपथ लेंगे।

03. पटना उच्च न्यायालय समेत प्रदेश की सभी अदालतों में आज हो रहा है राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन।

04. और, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने बिहार समेत पांच राज्यों में हर साल बड़ी संख्या में गुम हो रहे बच्चों के मामले में स्वतः संज्ञान लिया। राज्य सरकारों को जारी किया नोटिस।

---

केन्द्र सरकार ने कहा है कि देश में कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार मौजूद है, और सभी तेल शोधक संयंत्र पूरी क्षमता से काम कर रहे हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि भारत पेट्रोल और डीजल उत्पादन में आत्मनिर्भर है। उन्होंने कहा कि घरेलू पीएनजी और वाहनों के लिए सीएनजी की आपूर्ति बिना किसी कटौती के हो रही है।

———बाईट———

संयुक्त सचिव ने यह भी कहा कि 25 हजार एलपीजी वितरकों के पास एलपीजी की कोई कमी नहीं है और प्रतिदिन 50 लाख सिलेंडर वितरित किए जा रहे हैं। वही, सूचना और प्रसारण मंत्रालय के संयुक्त सचिव सेंथिल राजन ने लोगों से एलपीजी की बुकिंग केवल आधिकारिक माध्यमों से करने की अपील की है और ऑनलाइन ठगी से सावधान रहने को कहा है।

---

राज्य सरकार ने एलपीजी वितरण से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष की स्थापना की है। खाद्य और उपभोक्ता संरक्षण विभाग के तहत गठित नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नम्बर है – **शून्य छह एक दो दो दो तीन तीन शून्य पांच शून्य**। इस टेलीफोन नम्बर पर उपभोक्ता सुबह सात बजे से रात्रि नौ बजे तक एलपीजी की उपलब्धता और इसके वितरण संबंधित किसी प्रकार की समस्या की शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। इस बीच, राज्य सरकार के निर्देश पर सभी जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों की ओर से घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी

और जमाखोरी करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इधर पटना जिले के बाढ़ और दानापुर थाना क्षेत्र में रसोई गैस की कालाबाजारी के आरोप में चार लोगों पर प्राथमिकी दर्ज करायी गई है। जबकि बख्तियारपुर थाना क्षेत्र में घरेलू रसोई गैस से दुकान चला रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया। इधर, पूर्वी चम्पारण जिले में पताही थाना क्षेत्र की पुलिस ने एक सीमेंट गोदाम से छत्तीस खाली रसोई गैस सिलेंडर जब्त किया है।

पटना के जिलाधिकारी डॉक्टर त्यागराजन एस.एम ने कहा है कि जिले में एलपीजी की कोई किल्लत नहीं है। उन्होंने बताया कि जिले की सभी गैस एजेंसियों पर दंडाधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस बल की तैनाती की गयी है। कालाबाजारियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए अट्ठारदस धावा दल का गठन किया गया है। उन्होंने लोगों से नहीं घबराने की अपील की है।

---

बिहार के नवनियुक्त राज्यपाल सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन आज शपथ लेंगे। पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संगम कुमार साहू लोक भवन में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलायेंगे। श्री हसनैन प्रदेश के तैंतालीसवें राज्यपाल होंगे। वे वर्तमान राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां का स्थान लेंगे।

---

पटना उच्च न्यायालय समेत प्रदेश की सभी अदालतों में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। लोक अदालत में आपसी समझौते के आधार पर विभिन्न प्रकार के दीवानी और कुछ प्रकार के आपराधिक मामलों का निपटारा होगा। लोक अदालत में बैंक ऋण, बिजली वाद, वाहन दुर्घटना बीमा और श्रमवाद जैसे मामले आपसी सहमति के आधार पर निष्पादित किये जायेंगे।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा के तीसरे चरण का आज अंतिम दिन है। इस दौरान मुख्यमंत्री बेगूसराय और शेखपुरा जिलों का दौरा करेंगे। हमारे बेगूसराय संवाददाता ने बताया है कि श्री कुमार इस दौरान लगभग दो सौ चौहत्तर करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले चार सौ दो विकास योजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास करेंगे।

———साउंड बाईट———

मुख्यमंत्री लगभग 118 करोड़ रुपए की 190 परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। इस दौरान वे 211 करोड़ रुपए से अधिक की 212 परियोजनाओं का उद्घाटन भी करेंगे। इसके साथ ही मुख्यमंत्री बियाडा कैंपस में

शीतल पेय फैक्ट्री की आधारशिला भी रखेंगे। मुख्यमंत्री निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज के साथ–साथ कैंपस में चल रही विभिन्न फैक्ट्रियों का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद वे जन संवाद कार्यक्रम के तहत आम लोगों और जीविका दीदियों को भी संबोधित करेंगे। आकाशवाणी समाचार के लिए बेगूसराय से विजय कुमार झा।

शेखपुरा से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले में लगभग दो सौ छह करोड़ रूपये की लागत से बनने वाले तीन सौ सोलह विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास का कार्यक्रम है। मुख्यमंत्री इस दौरान जनसंवाद भी करेंगे।

–––साउंड बाईट–––

---

केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा ने बिहार में सड़क और पुल की केंद्रीय परियोजनाओं के निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये हैं। राज्यमंत्री श्री मल्होत्रा ने पटना रिंग रोड के उत्तरी भाग से संबंधित कार्य के लिए एनएचएआइ के अधिकारियों को जल्द–से–जल्द डीपीआर तैयार करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही बैठक में एसएच–चौहत्तर से पटना–बेतिया मार्ग तक सर्विस रोड निर्माण के प्रस्ताव पर विचार किया गया। इस दौरान गंडक नदी पर डुमरिया घाट ब्रिज, हाजीपुर–छपरा पर भी चर्चा की गयी। मंत्री ने सोनपुर में बनने वाले ब्रिज के काम को छह माह में पूर्ण करने का लक्ष्य अधिकारियों को दिया है। इसके साथ ही वैशाली जिले में लगने वाले जाम की समस्या को देखते हुये रामाशीष चौक पर मल्टीलेवल जंक्शन की स्वीकृति देने पर चर्चा की गयी।

---

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने बिहार में प्रति वर्ष गुम हो रहे बच्चों के मामले में स्वतः संज्ञान लिया है। इस संबंध में आयोग ने बिहार समेत ओडिशा, तेलंगाना, महाराष्ट्र और राजस्थान के मुख्य सचिव तथा पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी किया है। इस नोटिस का जवाब दो सप्ताह के भीतर देने के निर्देश दिये गये हैं। जवाब में बच्चों के लापता होने के मामले से निपटने के लिए उठाये गये कदमों की जानकारी भी मांगी गयी है।

---

पूर्व मध्य रेल ने समस्तीपुर मंडल के छह रेलवे स्टेशनों के नाम के साथ अब आधिकारिक रूप से "जंक्शन" शब्द जोड़ दिया है। यह परिवर्तन कल से प्रभावी होगा। इसके अनुसार हसनपुर रोड, सीतामढ़ी, सरायगढ़, सुपौल, ककर घट्ट और शीशो स्टेशन अब जंक्शन के नाम से जाने जायेंगे। रेलवे ने स्पष्ट किया है कि इन स्टेशनों के कोड में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। संबंधित विभागों को निर्देश दिया गया है कि वे इन संशोधित नामों को सभी तरह के रिकार्ड में अद्यतन करें। पूर्व मध्य रेल के मुख्य

जनसम्पर्क पदाधिकारी सरस्वती चन्द्र ने बताया कि जंक्शन के रूप में पहचान मिलने से भविष्य में इन स्टेशनों पर माल ढुलाई, कनेक्टिविटी तथा यात्री सुविधाओं के विस्तार की संभावनाएं और मजबूत होंगी।

---

राज्य में बेंगलुरू की तर्ज पर इलेक्ट्रॉनिक सिटी का निर्माण किया जायेगा। उद्योग मंत्री डॉक्टर दिलीप जायसवाल ने बताया कि व्यवस्था के अध्ययन के लिए अधिकारियों का एक दल बेंगलुरू गया है। उन्होंने कहा कि टीम वहां से लौटकर इस संबंध में रिपोर्ट तैयार करेगी। इसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी। उद्योग मंत्री ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक सिटी बनने के बाद कम्प्यूटर, मोबाईल फोन, डिजिटल कैमरा समेत अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान का निर्माण यहां हो सकेगा।

---

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश के उत्तरी हिस्सों में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान पूर्णिया में सबसे अधिक चौवालीस मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी। बारिश के कारण प्रदेश के न्यूनतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गयी है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया कि आज लगभग सभी स्थानों पर मौसम शुष्क बना रहेगा। इसके बाद बीस मार्च तक कई स्थानों पर बारिश की परिस्थितियां बनी रहेगी। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान छत्तीस दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ भभुआ राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा।

---

राज्य सरकार ने मुखिया और सरपंचों समेत पंचायती राज संस्थाओं तथा ग्राम कचहरी के निर्वाचित जन प्रतिनिधियों के लिए शस्त्र लाइसेंस देने की समय सीमा साठ दिन तय की है। गृह विभाग के अनुसार जिला पदाधिकारी और वरीय पुलिस अधीक्षकों को तय समय–सीमा के अन्दर आवेदनों का निष्पादन करना आवश्यक होगा।

---

केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय की ओर से राज्य में प्रधानमंत्री जन जाति आदिवासी न्याय महाअभियान चलाया जा रहा है। मंत्रालय के अनुसार इस क्रम में सात बहुउद्देशीय केन्द्रों का निर्माण हो रहा है।

---

वैशाली जिले के औद्योगिक थाना क्षेत्र की पुलिस ने औद्योगिक क्षेत्र से एक भूसा लदे ट्रक से लगभग एक करोड़ रूपये मूल्य की शराब बरामद की है।

---

निगरानी की विशेष अदालत ने घूस लेने के मामले में पटना जिले के दिनारा अंचल कार्यालय के तत्कालीन प्रधान लिपिक रामनरेश प्रसाद को तीन वर्ष सश्रम कारावास और पचास हजार रूपये अर्थिक दंड की सजा सुनाई है।

---

जमालपुर रेल पुलिस ने अंतरराज्यीय महिला चोर गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से पांच लाख रुपए नगद और लगभग पन्द्रह लाख रुपए मूल्य के सोने और चांदी के जेवरात बरामद किए हैं।

---

अररिया के समाहरणालय सभागार में आयोजित जनता दरबार में जिलाधिकारी विनोद दूहन ने अंठावन मामलों की सुनवाई की।

---

पटना जिले के धनरुआ थाना क्षेत्र से पुलिस ने ऑटो रिक्शा लूट मामले में शामिल तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने ईरान और इस्रायल युद्ध पर राहत शीर्षक से लिखा है– होर्मुज का रास्ता तेल टैंकरों के लिए खुला। भारत आने के लिए दो पोत को ईरान से मिली हरी झंडी, तेल का एक टैंकर आज देश पहुंच सकता है।

दैनिक जागरण की बड़ी खबर है– महाराजगंज और सोनपुर समेत आठ नगर निकाय क्षेत्रों में चुनाव की तैयारी तेज।

दैनिक भास्कर की विशेष खबर है– स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड ठप, चालीस हजार छात्रों की पढ़ाई पर संकट।

प्रभात खबर लिखता है– बिजली बिल के बड़े बकायेदारों पर गिरेगी गाज, इकतीस मार्च तक दो सौ करोड़ रूपये वसूल का लक्ष्य।

आज अखबार की सुर्खी है– बिहार को मिला बेस्ट स्टेट प्रमोटिंग स्पोर्ट्स का अवार्ड।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. केन्द्र सरकार ने कहा– देश में कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार है और सभी तेल शोधक संयंत्र पूरी क्षमता से काम कर रहे हैं।

02 बिहार के नवनियुक्त राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हसनैन आज पद और गोपनीयता की शपथ लेंगे।

03. पटना उच्च न्यायालय समेत प्रदेश की सभी अदालतों में आज हो रहा है राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन।

04. और, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने बिहार समेत पांच राज्यों में हर साल बड़ी संख्या में गुम हो रहे बच्चों के मामले में स्वतः संज्ञान लिया। राज्य सरकारों को जारी किया नोटिस।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे से प्रसारित किया जाएगा। नमस्कार।